2/58/2016

GOVERNMENT OF INDIA (BHARAT SARKAR)
MINISTRY OF RAILWAYS (RAIL MANTRALAYA)
(RAILWAY BOARD)

RBE No. 17/2016

No. E(NG)-II/2016/RR-1/2 New Delhi, Dated 16.02.2016

The General Manager (P)
All Indian Railways/PUs,
Chairman/RRBs

Sub: Discontinuation of interview/viva-voce while conducting recruitment for non-gazetted posts against direct recruitment quota vacancies on the Railways.

***

Pursuant to the acceptance of recommendations of Committee of Secretaries regarding **'discontinuation of interviews at the lower level posts'**, Ministry of Railways (Railway Board) have decided that in supersession of all the instructions issued earlier, the practice of interview/viva-voce, while conducting recruitment for non-gazetted posts against direct recruitment quota vacancies through all modes be discontinued with immediate effect. Thus, wherever, Recruitment Rules specify the process of recruitment which includes conduct of interview, the same stands amended accordingly. However, it is clarified that skill test and Physical Efficiency Test (PET) being different from interview, such test may continue to be undertaken.

Further, notification(s) for employment to posts against direct recruitment quota vacancies, if already issued for recruitment with interview as a component, the same may be re-notified in terms of stipulation made above.

Please acknowledge receipt.

(Neeraj Kumar)
Director Estt.(N)-II
Railway Board

No. E(NG)-II/2016/RR-1/2 New Delhi, Dated 16.02.2016

Copy to:

(i) The General Secretary, AIRF, Room No. 253, Rail Bhawan, New Delhi (35 spares).
(ii) The General Secretary, NFIR, Room No. 256-E, Rail Bhawan, New Delhi (35 spares).
(iii) All Members of Departmental Council and National Council and Secretary, Staff Side, National Council, 13-C, Ferozeshah Road, New Delhi (60 spares).
(iv) The Secretary General, FROA, Room No. 256-A, Railway Board (5 spares).

...2/-

3
5/3/2016

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

आरबीई सं. 17/2016

सं. ई(एनजी)-I/2016/आरआर-1/2 नई दिल्ली, दिनांक 16/02/2016

महाप्रबंधक (कार्मिक),
सभी क्षेत्रीय रेलें/ उत्पादन इकाइयां
अध्यक्ष/रेलवे भर्ती बोर्ड

विषय: रेलों पर सीधी भर्ती कोटा की रिक्तियों के तहत अराजपत्रित पदों के लिए की जाने वाली भर्ती के लिए साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा को समाप्त करना।

****

'निचले स्तर के पदों के लिए साक्षात्कार को समाप्त करने' से संबंधित सचिवों की समिति की सिफारिशों को स्वीकृत किए जाने के अनुसरण में रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) ने पहले जारी किए गए सभी अनुदेशों के अधिक्रमण में सीधी भर्ती कोटा की रिक्तियों के तहत अराजपत्रित पदों की सभी विधियों से की जाने वाली भर्ती में साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का विनिश्चय किया है। अतः जहां-कहीं भी भर्ती नियमों में, भर्ती की प्रक्रिया, जिसमें साक्षात्कार शामिल है, निर्धारित हो, तो उसे तदनुसार संशोधित माना जाए। बहरहाल, यह स्पष्ट किया जाता है कि स्किल परीक्षा और शारीरिक क्षमता परीक्षा (पीईटी) साक्षात्कार से भिन्न होने के कारण इन परीक्षाओं को जारी रखा जाए।

इसके अलावा, यदि सीधी भर्ती कोटा की रिक्तियों के तहत पदों के रोजगार हेतु पहले ही ऐसी कोई अधिसूचना (अधिसूचनाएं) जारी की गई हो, जिसमें साक्षात्कार लिए जाने का प्रावधान हो, तो उसे उक्त व्यवस्था के अनुसार पुन:अधिसूचित किया जाए।

कृपया पावती दें।

नीरज कुमार

(नीरज कुमार)
निदेशक, स्थापना (राज. संवर्ग) -II
रेलवे बोर्ड.